हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 17 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 39 .5 डिग्री
न्यूनतम 22 .5 डिग्री

12 शहर में पेड़ों को व्यवस्थित करेगी ट्रीमिंग मशीन व एंटी स्मॉग मशीन से होगा पॉल्यूशन कंट्रोल



12 नहरी पानी से जोहड़ भरने के लिए पाइपलाइन का कार्य शुरू



## खबर संक्षेप

### पर्स छीनकर भागा आरोपी चढ़ा जीआरपी के हत्थे

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी आने के लिए महेन्द्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर टिकट लेने के लिए खडे व्यक्ति का पर्स बदमाश छीनकर फरार हो गया। रेवाड़ी जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान रोहतक के गांव बलंभा निवासी दीपक के रूप में हुई है। महेन्द्रगढ़ के गांव रिवासा निवासी मनोज ने जीआरपी रेवाड़ी को दी शिकायत में बताया कि वह 15 अप्रैल को शाम करीब 7 बजे रेवाड़ी जाने के लिए रेलवे स्टेशन महेन्द्रगढ़ पर आया था। जब उसने टिकट लेने के लिए अपना पर्स निकाला तो अज्ञात व्यक्ति उसका पर्स छीनकर भाग गया। पर्स में आधार कार्ड, एटीएम कार्ड व 3000 रुपये की नकदी थी। उसने व्यक्ति का पीछा किया, लेकिन आरोपी अंधेरा का फायदा उठाकर फरार हो गया। जीआरपी ने तत्परता दिखाते हुए मामले में आरोपी दीपक को गिरफ्तार कर लिया है।

### भाई से मिलकर घर वापस लौटा युवक लापता

**कसोला।** गांव संगवाड़ी में भाई से मिलने आया युवक लापता हो गया। मूलरूप से गांव पहाड़ी जिला धोलपुर राजस्थान निवासी गांव संगवाड़ी में किराए पर रहने वाले दिनेश ने कसोला थाना पुलिस को बताया कि उसका भाई विनोद 16 मार्च को गांव पहाड़ी से उससे मिलने गांव संगवाड़ी आया था तथा 30 मार्च को अपने गांव पहाड़ी वापस गया था, वह अभी तक घर नहीं पहुंचा है। अपने तौर पर सभी रिश्तेदारी व अन्य जगह तलाश करने पर भी उसका पता नहीं चल पाया है।

### शराब के ठेके से व्यक्ति की बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-बेरली रोड स्थित गांव बूढ़पुर स्थित शराब के ठेके से व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। गांव गिंदोखर निवासी अजीत ने सदर थाना पुलिस को बताया कि वह 14 अप्रैल को शाम करीब 7 बजे बूढ़पुर शराब ठेके पर शराब लेकर के बाइक खड़ी करके शराब पी रहा था तथा चाबी भी मोटरसाईकिल में छोङ दी थी। इसके बाद ज्यादा नशा होने के कारण वह बाइक ठेके पर ही छोड़ गया। जब रात करीब 1 बजे वह ठेके पर आया तो वहां से मोटरसाईकिल गायब थी। उसका मोबाइल फोन व क्रैडिट कार्ड भी नहीं मिला। पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### गाड़ी की टक्कर से कार चालक सहित दो घायल

**रेवाड़ी।** पाल्हावास से गुड़ियानी रोड पर एक तेज रफ्तार गाड़ी ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। गांव श्याम नगर निवासी अजय कुमार ने रोहड़ाई थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 14 अप्रैल को वह कार से मानेसर से अपने घर श्यामनगर जा रहा था। बीच में पटौदी चौक से गौरव निवासी मलेशियावास लिफ्ट लेकर उसकी कार में बैठ गया। जब वह दोपहर करीब 2:30 बजे पाल्हावास चौक से गुड़यानी रोड पर फर्नीचर फैक्ट्री के पास पहुंचा तो एक तेज रफ्तार ट्रैवलर गाड़ी ने उसकी कार को टक्कर मार दी, जिससे दोनों को काफी चोटें आई। राहगीरों ने एंबुलेंस बुलाकर दोनों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर पहुंचा परिवार उसको निजी अस्पताल ले गया। पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### सट्टा खाईवाली करते हुए दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** शहर थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से सरेआम सट्टा खाईवाली करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से 3840 रुपये की नकदी बरामद की है। गत 15 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली थी की धर्मेंद्र उर्फ दीपू निवासी मोहल्ला यादव नगर राव तुलाराम पार्क के पास सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहा है।

# आर्मी जवान का राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार, सेना की टुकड़ी ने दी सलामी

## *चंडीगढ़ में नायक के पद पर था कार्यरत, एक सप्ताह पूर्व तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया, मंगलवार रात आखिरी सांस ली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले के गांव प्राणपुरा गोपालपुरा निवासी आर्मी जवान अमरजीत सैन का मंगलवार को निधन हो गया। वे पिछले एक सप्ताह से अस्पताल में उपचाराधीन थे। बुधवार को गांव में राजकीय सम्मान से उनका अंतिम संस्कार किया गया। आर्मी से पहुंची टुकड़ी ने दिवगंत को अंतिम सलामी दी। गांव प्राणपुरा निवासी 35 वर्षीय अमरजीत सैन वर्ष 2011 में आर्मी में भर्ती हुए थे। फिलहाल वे चंडीगढ़ में नायक के पद पर नियुक्त थे। एक सप्ताह पूर्व उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मंगलवार रात उन्होंने आखिरी सांस ली।

**खास बातें**

- आर्मी क टुकड़ी ने दिवगंत को अंतिम सलामी दी
- गांव सहित आसपास के लोगों ने अमरजीत सेन अमर रहे के नारे लगाए

**जवान के घर पर मौजूद सेना की टुकड़ी**



**जवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते थाना प्रभारी**



### आर्मी की दो टुकड़ियों ने जवान को सलामी दी

बुधवार को उनका शव तिरंगे में लिपटकर गांव पहुंचा। प्रशासन की ओर से खोल थाना प्रभारी सतीश कुमार गांव पहुंचे और जवान के पार्थिव शरीद पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं आर्मी की दो टुकड़ियों ने जवान को सलामी दी। ग्रामीणों ने बताया कि अमरजीत सैन के पिता कमलजीत भी आर्मी से रिटायर्ड है। दिवंगत जवान अपने पीछे पत्नी वर्षा व दो संतान सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इस मौके पर गांव सहित आसपास गांवों के अनेक लोग उपस्थित थे। बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने भी जवान के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की है।

## नगर परिषद परिसर में अव्यवस्थित ढंग से खड़े हो रहे वाहन

# नगर परिषद में कबाड़ रखने के काम आ रहा पार्किंग टीनशेड, ऐसे कैसे सुधर पाएगी व्यवस्था

- महाराणा प्रताप चौक स्थित सफाई शाखा में भी लंबे समय से पड़ा कबाड़

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद में लंबे से बदहाल पड़ी ऐतिहासिक धरोहर टाउन की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। देखरेख के अभाव में टाउन हाल की दशा बिगड़ती जा रही थी। हाउन हाल को पूरी तरह कबाड़खाना बनाया हुआ था। नगर परिषद में व्यवस्था सुधारने के लिए टाउन हाल के पास ही दोपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए टीनशेड का बनया गया था। फरवरी माह में शुरू हुआ कार्य अब अंतिम चरण में चल रहा है। टीनशेड के बनने से परिसर में पार्किंग की सुविधा तो हो गई है, लेकिन आधा टीनशेड कबाड़ रखने के काम आ रहा है। टाउन हाल के पास से लंबे समय से पड़े कबाड़ को हटाया नहीं जा रहा है। हालांकि अभी टाउन हाल के अंदर मरम्मत का कार्य चल रहा है, लेकिन टाउन हाल की मरम्मत व टीनशेड में करीब 20 लाख रुपये खर्च करने के बाद भी कबाड के कारण अव्यवस्था फैल रही है।





रेवाड़ी। नगर परिषद के टीनशेड में वाहन खड़ा करते लोग, पार्किंग के लिए बने टीनशेड में जमा कबाड़। फोटो :हरिभूमि

### टाउन हाल की मरम्मत का लगभग कार्य पूरा

नगर परिषद कार्यालय के नए भवन के बनने से पहले टाउन हाल में ही कर्मचारी व अधिकारी कार्य करते थे। नगर परिषद का नया भवन बनने के बाद कार्यालयों को शिफ्ट करने से बाद से टाउन हाल की हालत दयनीय होती जा रही है। अंग्रेजों के समय में बने ऐतिहासिक टाउन हाल के हालात लंबे समय से बदतर बने हुए थे। टाउन हाल को पूरी तरह कबाड़खाना बनाया हुआ था और काफी जगह से टाउन हाल की दीवारों को प्लास्टर तक गिर चुका था। अब टाउन हाल की मरम्मत का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। टाउन हाल की छत पर नया टीनशेड भी डाला जा चुका है, लेकिन टाउन हाल के पास पड़े कबाड़ को हटाकर स्वच्छता पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर परिषद परिसर में आने वाले लोगों को टीनशेड की पार्किंग बताने के लिए परिसर में दिशासूचक बोर्ड लगा दिया गया है। यह पार्किंग टीनशेड टू-व्हीलर खड़े करने के लिए बनाया गया है। नगर परिषद परिसर में कार्यालयों के सामने वाहनों के खड़े होने से व्यवस्था बिगड रही है। कर्मचारियों के साथ नगर परिसर में आने वाले लोग भी वही अपने वाहन खड़े करते है, जिससे कई बार निकलने के लिए रास्ता तक नहीं बचता है।

टीनशेड में वाहनों के खड़े होने व्यवस्था में काफी सुधार होगा, लेकिन अभी टीनशेड में कबाड़ पड़ा होने से कुछ ही वाहन खड़े हो पा रहे है। इसके अलावा कार्यालयों के सामने चौपहिया वाहन अव्यवस्थित ढंग से खड़े होने के कारण भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### सफाई शाखा से भी नहीं हट रहा कबाड़

नगर परिषद की महाराणा प्रताप चौक स्थित सफाई शाखा परिसर में भी भारी मात्रा में कबाड़ पड़ा हुआ है। सफाई शाखा की चारदीवारी में शहर से उतारे गए होर्डिंग्स, टूटे डस्टबिन व अन्य कबाड़ का सामान पड़ा हुआ है। शहर को स्वच्छ रखने वाली सफाई शाखा की ओर से इस चारदीवारी में सफाई तक नहीं की जाती है। परिसर में चारों तरफ गंदगी जमा होने के साथ खरपतवार ऊंगी हुई है।

# मानवाधिकार आयोग ने किया वृद्धाश्रम का वर्चुअल निरीक्षण, रेवाड़ी का ओल्ड ऐज होम मिला संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने राज्य के सभी जिलों में वृद्धाश्रमों के निर्माण की स्थिति की समीक्षा की। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में केवल रेवाड़ी जिले में एक वृद्धाश्रम कार्यरत मिला है, जिसका उद्घाटन 6 जनवरी 2023 को हुआ था। आयोग की ओर से रेवाड़ी जिले के वृद्धाश्रम का वर्चुअल निरीक्षण भी किया गया। भवन में 12 बुजुर्ग रह रहे हैं। उन्होंने वृद्धाश्रम की साफ-सफाई, रसोई और शौचालयों की स्थिति को सही रखने के निर्देश दिए। आयोग के चेयरपर्सन जस्टिस ललित बत्रा के साथ सदस्य कुलदीप जैन और दीप भाटिया ने वरिष्ठ नागरिक अधिनियम 2007 की धारा 19 का हवाला देते हुए कहा कि प्रत्येक जिले में कम से कम एक वृद्धाश्रम होना अनिवार्य है। वृद्धों के सम्मान और जीवन की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की जिम्मेदारी तय की गई। झज्जर, पलवल, पानीपत, रोहतक और सिरसा में अभी तक भूमि की पहचान ही नहीं हो सकी है। गुरुग्राम, कैथल, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़ और नूंह में भूमि चिन्हित कर ली गई है, निर्माण की प्रक्रिया चल रही है, जबकि फरीदाबाद, फतेहाबाद, हिसार, जींद, कुरुक्षेत्र, सोनीपत और यमुनानगर में निर्माण कार्य के लिए टाउन प्लानिंग विभाग की मंजूरी लंबित है। करनाल और पंचकूला में वृद्धाश्रम निर्माण कार्य प्रगति पर है। हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, एचएसवीपी पंचकूला के मुख्य प्रशासक, विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के निदेशक को निर्माण कार्य में तेजी लाने और व्यक्तिगत रूप से निगरानी करने के निर्देश दिए। हरियाणा मानवाधिकार आयोग के प्रोटोकॉल, सूचना व जनसम्पर्क अधिकारी डा. पुनीत अरोड़ा ने बताया कि 29 जुलाई 2025 तक कार्यवाही की रिपोर्ट मांगी गई है।



रेवाड़ी। मॉडल टाउन स्थित रेवाड़ी का वृद्धाश्रम। फोटो :हरिभूमि

- चेयरपर्सन जस्टिस ललित बत्रा ने प्रदेश के अन्य जिलों के अधिकारियों को देरी के लिए लगाई फटकार, बोले प्रत्येक जिले में कम से कम एक वृद्धाश्रम होना अनिवार्य

# मीरपुर रोड पर चली डीटीपी की जेसीबी, दो एकड़ में अवैध कॉलोनी और निर्माणाधीन दुकान ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने बुधवार को रेवाड़ी-मीरपुर रोड पर अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की।

डीटीपी की लगातार कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी की टीम बुधवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ मीरपुर रोड पर पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने राजस्व सीमा में करीब 2 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का ध्वस्त कर दिया।

टीम ने 15 डीपीपी, चारदिवारी, एक निर्माणाधीन दुकान व कच्चे रोड नेटवर्क को जमींदोज कर दिया। इसके अलावा डीटीपी की टीम ने पोहकरपुर में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी की चारदीवारी पर तोड़फोड़ की।



रेवाड़ी। मीरपुर रोड पर अवैध निर्माण तोड़ते हुए जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

- डीटीपी मंदीप सिहाग बोले लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदे

### प्लॉट खरीदने से पहले पूछताछ जरूर करें नागरिक

डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

## आसमान में बादलों के साथ तेज हवाओं व बूंदाबांदी के आसार, अगले दो से तीन दिन तक हीटवेव कर सकती है परेशान

# हीटवेव की ओर अग्रसर होने लगा पारा, आज से मौसम में बदलाव संभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में मौसम का मिजाज एक बार फिर गर्म होना शुरू हो गया है। तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच चुका है, जिसके अगले दो दिन में 42 डिग्री के पार पहुंचने की संभावना है। तापमान सामान्य से तीन से चार डिग्री ज्यादा चल रहा है। दो से तीन दिन तक हीटवेव का प्रकोप बना रह सकता है। कमजोर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते 17 जून को तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हो सकती है, परंतु तापमान में खास गिरावट आने की संभावना नहीं है। मौसम में उतार-चढ़ाव लगातार बना हुआ है। बीते सप्ताह तीन दिन तक हीटवेव ने लोगों को जमकर परेशान किया था। इसके बाद तीन दिन तक आंधी के साथ हल्की बरसात ने गर्मी से राहत दिलाई थी। बारिश का दौर थमते ही पारा चढ़ना शुरू हो गया था। बुधवार को अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 39.5 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते साल 16 मई को अधिकतम तापमान 36 डिग्री व न्यूनतम 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। सुबह से आसमान साफ बना रहा, जिससे तेज धूप ने मौसम गर्म बना दिया। दोपहर तक बाजार से लेकर सड़कों तक पर भी भीड़ कम हो गई। तापमान एक बार फिर सामान्य से ज्यादा हो गया है, जिससे दोपहर के समय गर्म हवाओं का चलना शुरू हो गया है। गर्मी ने दोपहर बाद तक लोगों को जमकर परेशान किया। सामान्य जनजीवन पर गर्मी का व्यापक असर होने लगा है। दोपहर के समय लोग घरों से बाहर निकलने से बचने लगे हैं, जिस कारण शाम तक बाजार में लोगों की भीड़ गायब रहती है। फसल निकालने का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। सरसों की फसल निकाली जा चुकी है, जबकि इस समय गेहूं निकालने का कार्य तेजी से चल रहा है। बुधवार एक आसमान में छाए बादलों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अगर इस समय बरसात होती है, तो इससे फसल निकालने का कार्य बाधित हो जाएगा। फसल भीग जाने के बाद सूखने में समय लगेगा, जिससे इसे निकालने में देरी होगी। किसान जल्द से जल्द फसल निकालकर घर या मंडी में पहुंचाने के प्रयास कर रहे हैं।



रेवाड़ी। सरकुलर रोड से स्कूटी पर धूप से बचाव करती जाती महिला।

### मौसम में बदलाव के बाद भी चढ़ेगा पारा

मौसम विभाग के अनुसार 17 अप्रैल को आसमान में बादल छाने व तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी या हल्की बरसात हो सकती है। इसके बावजूद तापमान 40 डिग्री के पार जा सकता है। दो दिन तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। इस दौरान दो से तीन दिन तक गर्म हवाएं चलेंगी। बाद में कुछ दिन तापमान में गिरावट गर्मी से राहत देने का काम कर सकती है। बुधवार को दोपहर बाद आसमान में बादल गहरा गए, जिससे बूंदाबांदी की संभावना बन गई।

### डोमेस्टिक बिजली की खपत में इजाफा

भारी गर्मी का प्रकोप शुरू होते ही डोमेस्टिक बिजली की खपत भी बढ़नी शुरू हो गई है। अप्रैल के शुरू में जिले में घरेलू की बिजली की दैनिक खपत 11 लाख यूनिट के आसपास चल रही थी। कूलर और एसी का लोड बढ़ने के कारण अब दैनिक खपत 15 लाख यूनिट के पार हो चुकी है। बीते सोमवार को खपत 14.86 लाख यूनिट थी, जबकि मंगलवार को यह बढ़कर 15.38 लाख यूनिट तक पहुंच गई। गर्मी के साथ बिजली का लोड भी बढ़ने के आसार बने हुए हैं।

